हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 25 फ़रवरी 2026, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा - किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही किसान पहचान पत्र जारी किए जाएंगे।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - सरकार ने गुरुग्राम–फरीदाबाद–नोएडा–ग्रेटर नोएडा नमो भारत आरआरटीएस सह मेट्रो कॉरिडोर के लिए फाइनल अलाइनमेंट को स्वीकृति दी।

3. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नशे की समस्या को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के साथ काम कर रही है।

4. हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

5. चरखी दादरी में स्थापित किए जा रहे सशस्त्र बल तैयारी संस्थान में कक्षाएं अगले वर्ष पहली अप्रैल से शुरू होंगी।

****

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता बढा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगा रही है और किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही किसान पहचान पत्र जारी करेगी। श्री सिंह ने ए.आई. संचालित बहुभाषी डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत विस्तार के बारे में जानकारी दी।

भारत विस्तार ऐसा एआई प्लेटफॉर्म है कि जिस पर किसान को कहीं जाना नहीं पड़ेगा। उसके ऊपर आईटी एक्सपर्ट नहीं होता कि डाऊन करो कि लोड करो उसको सीधे वो मोबाइल पर सवाल पूछे और उसका जवाब मिल जाए, तो ये भारत विस्तार एआई प्लेटफार्म हमने लॉन्च किया है। अब इसको बाकी भाषाओं में भी हम परफैक्ट करके उसमें हर तरह की जानकारी जाएगी।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में सरकार द्वारा गत दिवस आयोजित बैठक में गुरुग्राम–फरीदाबाद–नोएडा–ग्रेटर नोएडा नमो भारत आरआरटीएस सह मेट्रो कॉरिडोर के लिए फाइनल अलाइनमेंट को स्वीकृति दिए जाने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के “नमो भारत” के विज़न के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश के प्रमुख आर्थिक केंद्रों को तेज़, सुरक्षित और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन से जोड़ना है। मुख्यमंत्री ने बताया –

उन्होंने बताया की यह दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन, गुरुग्राम मेट्रो कॉरिडोर और रैपिड मेट्रो से जुड़कर यात्रियों को मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

इसी प्रकार फरीदाबाद क्षेत्र में सैनिक कॉलोनी से बादशाहपुर तक लगभग 16 किलोमीटर का इंटीग्रेटेड सेक्शन स्वीकृत किया गया है, जिसमें एनआईटी क्षेत्र, बाटा चौक, सेक्टर-12 से 15 तथा नए फरीदाबाद के प्रमुख हिस्से शामिल होंगे।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार नशे की समस्या को लेकर पूरी गंभीरता और जीरो टॉलरेंस नीति के साथ कार्य कर रही है। आज सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नशे पर रोकथाम के लिए अंतरराज्यीय सामंजस्य बनाकर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य पुलिस नशे के नेटवर्क की जड़ तक पहुंचकर कार्रवाई कर रही है और इसकी नियमित समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साइक्लोथॉन, जिला स्तर पर जागरूकता शिविर और बड़े पैमाने पर मैराथन आयोजित की जा रही हैं।

****

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के महानिदेशक ए एस चावला ने कहा है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा की जांच जारी है, शुरुआती दौर में खाते सील करने की कार्यवाही की गई है।

श्री चावल ने आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को पंचायत विभाग से गबन संबंधी एक पत्र मिलने के बाद कार्रवाई शुरू की गई।

महानिदेशक ने आगे बताया –

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए पूर्व बैंक कर्मचारी अभय की पत्नी स्वाति सिंगला 75 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट की मालिक है, जबकि 25 प्रतिशत शेयर उसके भाई अभिषेक सिंगला के पास है। उन्होंने बताया कि आज आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है।

****

हरियाणा के सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने घोषणा की है कि चरखी दादरी में स्थापित किए जा रहे सशस्त्र बल तैयारी संस्थान में अगले वर्ष पहली अप्रैल से विधिवत कक्षाएं आरंभ कर दी जाएंगी। श्री राव नरबीर सिंह आज विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक सुनील सांगवान द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर में यह जानकारी दी। इस संस्थान की स्थापना की घोषणा गत वर्ष मुख्यमंत्री द्वारा बजट अभिभाषण में की गई थी। ताकि इस संस्थान के माध्यम से युवाओं को सशस्त्र बलों एवं अर्धसैनिक बलों में भर्ती हेतु गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके।

मंत्री ने बताया कि यह संस्थान प्रारंभिक चरण में किसान मॉडल स्कूल के भवन में संचालित किया जाएगा। वर्ष 2026 के दौरान शिक्षा विभाग से भवन के हस्तांतरण की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी, ताकि निर्धारित समयसीमा के अनुसार संस्थान की गतिविधियां प्रारंभ की जा सकें। उन्होंने बताया कि संस्थान में चयन प्रक्रिया के तहत प्रवेश परीक्षा इस वर्ष दिसंबर में लिए जाने की योजना है।

****